कोलकाता, बुधवार
17.08.2022

# प्रभात खबर

अखबार नहीं आंदोलन

prabhatkhabar.com

कोलकाता । रांची । पटना । जमशेदपुर । धनबाद । देवघर । मुजफ्फरपुर । भागलपुर से प्रकाशित



पेज 06



## डीपीएस आसनसोल में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**आसनसोल.** दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल परिसर में भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विद्यालय परिवार के प्रत्येक सदस्य में उमंग की लहर देखी गयी. इस अवसर पर प्रधानाचार्य आरडी. शर्मा ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. छात्रों ने एकता, सहयोग व आपसी तालमेल के सुंदर समन्वय का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए परेड में हिस्सा लिया. तिरंगी वेशभूषा में छात्रों ने देशभक्ति की भावनाओं से पूर्ण गीत पर आकर्षक समूह नृत्य कर दर्शकों को भाव–विभोर कर दिया. अमीषा बॉका, ए.वैष्णवी, आरोही श्रीवास्तव तथा प्रियम लहरी ने सफल मंच संचालन कर कार्यक्रम की शोभा में चार चाँद लगा दिए.